तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 वन विभाग ने प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण का दिया संदेश



## खबर संक्षेप

### ओवरब्रिज पर उखड़ा स्ट्रीट लाइट खंभा बना जानलेवा

**कोरबा।** कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-149बी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटाढ़ी के ओवरब्रिज के ऊपर एक गंभीर खतरा बना हुआ है। यहां सड़क दुर्घटना में उखड़ा स्ट्रीट लाइट का खंभा पुल की रेलिंग में फंसा हुआ है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। खंभा न तो पूरी तरह हटाया गया है और न ही उसे सुरक्षित तरीके से बांधा गया है। रात के समय अंधेरे में यह खंभा वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है।

### यूथ हॉस्टल्स राज्य इकाई के संदीप तीसरी बार बने चैयरमेन

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सत्र 2026-2029 हेतु त्रैवार्षिक निर्वाचन 11 जनवरी को रायपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। निर्वाचन में राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा बिहार राज्य से नियुक्त पर्यवेक्षक मोहन कुमार की उपस्थिति रही। सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को संस्था का मुख्य संरक्षक मनोनित किया गया। मुख्य संरक्षक शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं तथा नव-निर्वाचित एवं मनोनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुख्य संरक्षक के रूप में वे यूथ हॉस्टल्स एवं उसके सदस्यों के हित में अपना सर्वोत्तम योगदान देने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

### जेम पोर्टल प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**कोरबा।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा गत दिवस भारत सरकार की आरएएमपी योजना अंतर्गत जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) पोर्टल से क्रय-विक्रय एवं डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में शासकीय विभागों एवं उद्यमियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबंधित विषय पर आरएएमपी योजनांतर्गत जेम, रायपुर से आये मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विभागों द्वारा पोर्टल पर बिड निर्माण संबंधी जानकारी ली गई एवं उद्यमियों द्वारा कैटलॉग निर्माण एवं रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी मुख्य रूप से ली गई।

### कलेक्टर आज लेंगे मासिक समीक्षा बैठक

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा जनवरी माह में विभिन्न विभागों की मासिक समीक्षा बैठक ली जायेगी। वे 13 जनवरी को शाम 5 बजे जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, 19 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे उद्योग/श्रम, 20 जनवरी को शाम 5 बजे शिक्षा विभाग, 23 जनवरी को अपरांह 3 बजे किसान कल्याण और 30 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बैठक लेंगे।

### जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा कोरबा जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) एवं निर्वाचन प्रक्रिया में विशेष सहभागिता प्राप्त करने तथा स्वी कार्य योजना के तहत मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों को बेहतर क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षक हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी और सतीश प्रकाश सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# प्रभार पर चल रहे 30 संकुल केंद्रों में बनाए जाएंगे नए संकुल प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के 30 संकुल केंद्र प्रभार में चल रहे हैं जिनमें नए संकुल प्रभारियों की पदस्थापना शिक्षा विभाग के द्वारा वरिष्ठता क्रम के आधार पर कलेक्टर से अनुमोदन के पश्चात की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग ने प्रारंभिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली है। इससे पूर्व वर्ष 2024 में कलेक्टर के अनुमोदन से संकुल प्रभारियों का चयन किया गया था।

संकुल केंद्रों में नए प्रभारी बनाए जाने को लेकर कवायद शुरु हो गई है। जिले में कुल 212 संकुल केंद्र है। जिनके अंतर्गत 2020 स्कूल आते है। वहीं 30 संकुल केंद्र ऐसे हैं जो प्रभार में चल रहे हैं। इन केंद्रों के संकुल प्रभारी स्थानांतरण में अन्यत्र चले गए हैं या प्रमोशन में लेक्चरर हो गए हैं। ऐसे कारणों की वजह से 30 संकुल केंद्र खाली हो गए थे उनकी जगह स्कूल के ही अन्य शिक्षकों को संकुल प्रभारी बना दिया गया था इनमें वरिष्ठता को ध्यान में रखकर जूनियर को भी संकुल प्रभारी बनाने का कार्य तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी के भी कार्यकाल में हुआ था। पहली ⏭ शेष पेज 3 पर

### कलेक्टर से अनुमोदन के पश्चात विभाग करेगा पदस्थापना

**खास बातें**

- वरिष्ठता क्रम को रखा जाएगा ध्यान में
- स्थानांतरण और पदोन्नति से हुए थे पद रिक्त




**कलेक्टर से लेंगे अनुमोदन**

संकुल प्रभारियों के लिए आने वाले दिनों में कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर से अनुमोदन लेने के बाद नए संकुल प्रभारी बनाए जाएंगे।

-टी पी उपाध्याय
डीईओ

### पढ़ाई छोड़ करते हैं सरकारी काम

संकुल प्रभारियों को संकुल का काम देखने के साथ साथ अपनी पदस्थापना वाले स्कूलों में अध्यापन का कार्य भी करना आवश्यक है किंतु संकुल समन्वयक के पद पर आने के बाद शिक्षक अफसरशाही की राह पर चलते हुए स्कूल में अध्यापन कार्य छोड़ सरकारी कार्यों में ही लग जाते हैं जिनका अधिकांश समय ब्लॉक और जिला मुख्यालय के दफ्तरों का चक्कर काटने में बीत जाता है। संकुल प्रभारी बनने के बाद पढ़ाई छोड़ सरकारी काम का बहाना बनाकर दफ्तरों में मंडराते रहते हैं।

## मामला हरदीबाजार तहसील के ग्राम कोरबी धतूरा का

# टोकन नहीं कटा तो, किसान ने जहर पी लिया
# पटवारी निलंबित, तहसीलदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान बेचने के लिए राज्य सरकार के द्वारा शुरु की गई ऑनलाइन टोकन सुविधा में किसान का धान बेचने के लिए टोकन नहीं कटने को लेकर परेशान किसान ने जहर का सेवन कर लिया। परिजनों के द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। किसान के द्वारा रकबे के रिकार्ड में सुधार करने के लिए तहसील में आवेदन लगाने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर हताश किसान ने घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। प्रारंभिक कार्रवाई में कलेक्टर ने पटवारी को निलंबित करते हुए तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी की है।

**खास बात**

- तहसीलदार ने नहीं सुधारा किसान के आवेदन पर रिकार्ड

इस पूरे मामले के कटघोरा अनुभाग के हरदीबाजार तहसील के ग्राम कोरबी धतुरा निवासी सुमेर सिंह गोंड़ अपना 65 क्विंटल धान बेचने के लिए पिछले कई दिनों से परेशान था। सुमेर सिंह की पत्नी मुकुंद बाई ने बताया कि उनके पास 3 एकड़ 75 डिसमिल जमीन थी। गिरदावरी के दौरान किसान के द्वारा जिस खसरे नंबर की जमीन में धान की फसल ली गई थी पटवारियों ने अपने रिकार्ड में उस खसरे नंबर पर अन्य फसल लेना दर्ज कर दिया। इससे किसान का टोकन नहीं कटने के कारण वह रिकार्ड में सुधार के लिए हरदीबाजार तहसील कार्यालय में आवेदन देकर तहसीलदार से भी मिला लेकिन रिकार्ड में सुधार नहीं किया गया। फलस्वरुप इस समस्या को लेकर वह अपना आवेदन जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष उपस्थित हुआ उसके बावजूद रिकार्ड में सुधार नहीं हुआ और इधर धान खरीदी की अंतिम तिथि नजदीक आने लगी और पिछले बुधवार 7 जनवरी से ऑनलाइन टोकन काटने की सुविधा भी बंद कर दी गई इससे परेशान होकर सुमेर सिंह ने जहर का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। जैसे ही यह खबर प्रशासनिक हल्कों तक पहुंची उनमें हड़कंप मच गया। उधर सांसद ज्योत्सना महंत को किसान के जहर सेवन की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची और किसान से मिलकर उसकी आपबीती सुनी। बताया जाता है कि किसान पिछले एक माह से तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहा था लेकिन उसे तकनीकी कारण बताकर वापस लौटा दिया जा रहा था।


पीड़ित किसान का हाल चाल जानती सांसद।

### आदिवासी सीएम के राज में आदिवासी किसान परेशान : सांसद

इस पूरे मामले में सांसद ज्योत्सना महंत ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री हैं और उसके बावजूद आदिवासी किसान आत्महत्या करने मजबूर हो रहे हैं। धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम है ना तो किसानों का रिकार्ड सुधर रहा है और ना ही टोकन कट रहा है और ना उनकी कहीं सुनवाई हो रही है। इस पूरे मामले में सरकार की लापरवाही सामने आयी है।

### प्रशासन ने की जांच टीम गठित

पटवारी हल्का नंबर 03, रा.नि.मं. तिवरता, तहसील हरदीबाजार के ग्राम नोनबिर्रा, उड़ता एवं पूटा के कृषकों के रकबा की ऑनलाइन मैपिंग की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पाली द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित पटवारी श्रीमती कामिनी कारे द्वारा अनेक कृषकों का क्षेत्र निरीक्षण एवं सत्यापन नहीं किया गया, जिसके कारण प्रभावित कृषक धान उपार्जन केंद्रों में अपना धान विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए श्रीमती कामिनी कारे, पटवारी हल्का क्रमांक 03 को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय पाली निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी प्रकरण में पर्यवेक्षण की कमी पाए जाने पर तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानु को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं एवं धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

### तहसीलदार को रिकार्ड में सुधार करना चाहिए था : लखन

किसान के द्वारा जहर सेवन किए जाने के संबंध में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि गिरदावरी के दौरान किसान के रकबे को घटा दिया गया था जिसके सुधार के लिए उसने तहसीलदार के पास आवेदन लगाया था। तहसीलदार को रिकार्ड में सुधार करना था नहीं किए जाने की स्थिति में किसान ने यह कदम उठाया। इस मामले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है उसमें जो भी दोषी होगा उस पर कार्यवाही होगी।

# रेशम विभाग के कर्मी, कोटवार सहित तीन ग्रामीण के घर से लाखों की इमारती लकड़ी जब्त


दबिश के दौरान जप्त की गई चिरान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेशम विभाग में पदस्थ कर्मी व कोटवार सहित तीन ग्रामीणों के अलग-अलग ठिकानों पर वन विभाग व पुलिस के संयुक्त टीम ने छापामारी की कार्रवाई कर तीनों के घर से वन विभाग ने लाखों रुपए कीमती सागौन व साल जैसी इमारती लकड़ी जप्त करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

**खास बातें**

- वन विभाग व पुलिस के 40 अधिकारी व कर्मचारियों की टीम ने दी थी दबिश
- कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र का मामला

बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोरबा वन मंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदमुरा में कुछ ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से जंगलों से बड़े पैमाने पर साल व सागौन जैसे इमारती लकड़ियों की कटाई की जा रही है और उन्हें चिरान बनाकर अपने घरों में छुपा कर रखा गया है साथ ही उन्हें पौने दामों में बेचा भी जा रहा है। सूचना पाते ही वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर वन विभाग व पुलिस के लगभग 40 से अधिक अधिकारी व कर्मचारियों की तीन अलग अलग टीम ने कुदमुरा निवासी रामदास महंत पिता स्व. गोपालदास, श्यामदास महंत पिता स्व. गोपालदास एवं लछनसिंह राठिया पिता स्व. दिलबोध के घर एवं बाड़ी तथा रेशम विभाग कुदमुरा के परिसर से सागौन एवं साल प्रजाति के ईमारती लगभग 366 नग 9.933 घन मी, लगभग शासकीय वनोपज तथा हाथआरा 2 नग, चक्कादार कनासी 2 नग को नियमानुसार जप्त किया गया है। जिसका वन विभाग के वाणिज्यिक दर अनुसार ⏭ शेष पेज 3 पर

# परला में हाथियों की दस्तक, ग्रामीणों को किया गया सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंदई रेंज में कुछ दिनों की राहत के बाद अब हाथियों ने वापस लौटना शुरू कर दिया है। दो दर्जन हाथी बीती रात जटगा रेंज से केंदई रेंज की सीमा पर प्रवेश किया और परला जंगल में पहुंचने के साथ डेरा डाल दिया। हाथियों का आज सुबह यहां पर विचरण करते हुए देखे जाने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। परला व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। ज्ञात रहे हाथियों का दल अक्सर केंदई रेंज के जंगल में विचरण करते रहते हैं लेकिन विगत एक माह से दल ने अन्यत्र का रूख कर लिया था और जटगा क्षेत्र में पहुंचकर वहां मुकवा पहाड़ पर डेरा डालने के साथ अपना बसेरा बना लिया था। हाथियों का दल काफी दिनों तक यहां रहने के बाद अब शुरू कर दिया है। जहां एक दंतैल हाथी दो दिन पहले झुंड से अलग होकर पाली क्षेत्र में पहुंच गया था वहीं दो हाथी पुनः झुंड से अलग होकर केंदई रेंज अंतर्गत परला पहुंच गया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला तथा कुदमुरा रेंज में भी हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं।




# एमआईसी द्वारा 66 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को दी गई स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई।

**खास बात**

- महापौर की अध्यक्षता में हुई बैठक

बैठक में 66 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों सहित विभिन्न प्रस्तावों को एमआईसी द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की। इन प्रस्तावों में विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित लगभग 60 निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शामिल हैं।


अधिकारियों की बैठक लेती महापौर।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में 23 विकास व निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत निगम क्षेत्रांतर्गत मुक्तिधाम निर्माण, सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यो सहित 10 निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, राज्य प्रवर्तित योजना मद अंतर्गत निगम क्षेत्रांतर्गत उद्यानों का निर्माण, उन्नयन, सौंदर्यीकरण व अन्य विकास कार्यो के 17 निर्माण कार्यो के प्रस्ताव, निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्लम बस्तियों में सीसी रोड, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाईट, जल प्रदाय से जुडे.10 निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 48 दर्री बाजार में साढे. 29 करोड़ रूपये की लागत से कामर्शियल काम्पलेक्स व शेड निर्माण सहित विभिन्न विकास व निर्माण कार्य के प्रस्ताव एमआईसी के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान वार्षिक भू-भाटक अधोसंरचना विकासकर एवं पर्यावरण उपकर की राशि निगम द्वारा जमा करने ⏭ शेष पेज 3 पर

## विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह, विधायक धरम कौशिक ने ली प्रेसवार्ता

# विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 से गांवों में आएगी विकास की क्रांति : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो गांवों को आत्मनिर्भर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

उक्त बातें विधायक बिल्हा विधानसभा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा का उन्नत, अधिक प्रभावी और पारदर्शी स्वरूप है। जहां मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी, जिससे मजदूरों की आय में सीधा इजाफा होगा और मजदूरी भुगतान सात दिनों के भीतर अनिवार्य होगा। यदि तय समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर मजदूर को अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य स्थगित किए जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त श्रमिक मिलें और खेती प्रभावित न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनरेगा में पूर्व में सामने आने वाली फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के दुरुपयोग और धांधली जैसी शिकायतों का यह नया अधिनियम स्वतः समाधान करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधा लाभ मिलेगा। श्री कौशिक ने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन पर विशेष फोकस किया जाएगा। जल संरक्षण, नदी-नालों का सुधार, कटाव रोकना और सिंचाई संरचनाओं का विकास प्राथमिकता से किया जाएगा। प्रेसवार्ता में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, सह संभाग प्रभारी रायपुर डॉ. राजीव सिंह उपस्थित रहे।



पत्रकारवार्ता में उपस्थित श्री कौशिक व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

# लावारिस अवस्था में मिले विकलांग के शव को सौंपा गया परिजनों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सुतर्रा बस स्टैड के पास दो दिनो से लावरिस अवस्था मै विकलांग दिव्यांग मिले। एस जे आर टीम द्वारा पुलिस वाहन 112 की मदद से कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुचाया गया। जहां उसकी हालत असमान्य सी थी जिन्होने दो दिनों से अपने कपड़ों मे ही मलमूत्र त्याग दिया था जिन्हे साफ सुधुरा कर नहला कर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहा स्वयं बीएमओ के दिशा निर्देशन में हॉस्पिटल में स्वास्थ्य विभाग वालो के सहयोग से उनको बचाने का हर संभव प्रयत्न किया गया। फिर भी उन्हे बचाया ना जा सका और उनका निधन हो गया। उनके पाकिट से बिलासपुर का पता के आधार पर उनके परिजनों को बुलाया गया और शव को उनके घर तक पहुंचाया गया। पुलिस थाना के थानेदार धर्मनारायण तिवारी, बीएमओ श्रीमति कंवर के दिशा निदेशानुसार एस.जे.आर टीम के संस्थापक सेन्टी गर्ग के सहयोग से शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

**खास बात**

- पुलिस ने समाज सेवी संस्था एसजेआर टीम की ली मदद, जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया

## खबर संक्षेप

### युवक की मौतः वाहन चालकों पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बीते दिनों अचानक कार का दरवाजा खोलने से टकराकर गिरने व बाइक चढ़ जाने से एक अन्य बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने कार व बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। मुंगेली गुठेली निवासी रूपेश गेंदले पिता श्यामदास गेंदले 26 साल मंगला दीनदयाल कालोनी में रहकर मैग्नेटो मॉल के पास चाट गुपचुप की दुकान चलाते थे। 8 दिसंबर को शाम 4 बजे दुकान से मंगला जिम जा रहे थे। सर्किट हाउस के पास सड़क किनारे में खड़ी कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 4998 के चालक ने अचानक दरवाजा खोल दिया, दरवाजे से टकराकर वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान कुदूदण्ड की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएस, 8974 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रूपेश गेंदले के सीने के ऊपर बाइक चला दी। हादसे में रूपेश गेंदले की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद कार व बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### निगम के ड्राइवर पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए 500 रुपए नहीं देने से नगर निगम के ड्राइवर पर एक युवक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा निवासी शनि रजक पिता दादु सिंह रजक नगर निगम में ड्राइवर का काम करते हैं। 11 जनवरी की रात 9 बजे वे अपने घर के पास खड़े थे। इसी दौरान लोखंडी निवासी जीतु उर्फ मोनू कश्यप आया और उनसे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो उक्त युवक गाली गलौज करने लगा। मना करने पर जीतू उर्फ मोनू कश्यप ने चाकू निकालकर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। उनकी मां व बड़ी बहन ने बीच बचाव किया तो युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। परिजन उन्हें घायल अवस्था में रिपोर्ट लिखाने थाने लेकर आए। पुलिस ने शनि रजक की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने चाकूबाजी करने वाले हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।

### महिला से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लापता पति को खोजने मददगार बनकर आए युवक ने महिला को शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। शादी करने का दबाव बनाने पर युवक ने महिला से मारपीट की और शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अपराध कायम कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला का अपने पति से विवाद हो गया। जिससे उनका पति घर छोड़कर चला गया। इसी दौरान राजकिशोरनगर निवासी राजीव शर्मा पिता रामेन्द्र प्रसाद शर्मा महिला के पास आया और अपने आपको उनके पति को दोस्त बताते हुए उसे खोजने की बात कही। इस तरह से उसने महिला से नजदीकी बढ़ाई। उसके बाद शादी करने का आश्वासन देकर शारारिक संबंध बनाने लगा। इस दौरान महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। उसके बाद युवक ने महिला के साथ शादी करने से इनकार कर जमकर मारपीट की। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम टिमरला निवासी कल्याण राम आ. रमेश राम (20 वर्ष) 29 दिसंबर को गांव से हडिया शराब पीकर घर आया और उल्टी करने लगा। 3 जनवरी को पुनः उल्टी करने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात युवक की मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि वार्ड में भर्ती होने के दौरान युवक ने नर्स को बताया कि उसने कीटनाशक पी लिया है जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर लगा 10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। शराब के नशे में बाइक चलाने वाले व्यक्ति पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। बता दें कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांच के दौरान बतौली पुलिस ने पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 0184 को रोककर चालक बतौली बेंदोकोना घोघरा निवासी 23 वर्षीय रूपेश केरकेट्टा आ. विश्वनाथ केरकेट्टा की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की।

---

**कुछ उद्योगों को नोटिस** | खारंग डिवीजन से पानी लेने वाले उद्योगों ने किया भुगतान

# 'पानी का पैसा' ... सिंचाई विभाग ने इस साल कमाए 8 करोड़, राजस्व और बढ़ने की संभावना

**बिलासपुर।** सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन को इस साल पानी बेचकर पैसा कमाने में अच्छी सफलता मिली है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से लेकर अब तक विभाग ने विभिन्न उद्योगों से 7 करोड़ 88 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त कर लिया है। इसमें नोवा स्टील एंड आयरन इंडस्ट्रीज दगौरी द्वारा सर्वाधिक 5 करोड़ 88 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

जल संसाधन विभाग के खारंग डिवीजन को इस साल जलकर के रूप में राजस्व प्राप्त करने में अच्छी सफलता मिली है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से अब तक डिवीजन ने 7.88 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया है। जिले में अनेक विभाग ऐसे हैं, जिन्होंने विभाग से जल की आपूर्ति के लिए अनुबंध किया है व उद्योगों के लिए पानी ले रहे हैं। इसके विपरीत कई उद्योगों को बगैर अनुबंध के पानी का उपयोग करने के कारण विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है। बगैर अनुबंध के पानी का उपयोग करने वाले ज्यदातर उद्योग ऐसे हैं, जिन्होंने अपने संस्थानों में बड़े बोर कराए हैं व भूमिगत जल का उपयोग कर



रहे हैं, लेकिन शासकीय नियमों के अनुसार इस जल पर भी जल संसाधन विभाग का ही अधिकार है। इसका उपयोग करने पर ऐसे उद्योगों को जल संसाधन विभाग को निर्धारित जलकर का भुगतान करना होगा। इसके विपरीत इस श्रेणी के ज्यादातर उद्योगों द्वारा जलकर का भुगतान नहीं किया जाता, जिससे सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान होता है।

### 40 उद्योगों पर 643 करोड़ बकाया था

जिले के लगभग 40 उद्योग ऐसे हैं, जो अपने संस्थानों के लिए सतही एवं भू-जल का दोहन कर रहे हैं। इन पर करीब 643 करोड़ रूपए का जलकर बकाया है। आश्चर्यनजक बात यह है कि कई तो छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पूर्व से ही जल का दोहन कर रहे हैं। इन संस्थानों में शासकीय संस्थानों की संख्या भी कम नहीं है। इन सभी के द्वारा पानी का दोहन तो भरपूर किया जा रहा है, लेकिन जलकर भुगतान की बारी आते ही बगलें झांकने लगते हैं। चूंकि सिंचाई विभाग को स्थानीय स्तर पर केवल संबंधितों को नोटिस जारी करने का ही अधिकार है, जिससे भुगतान प्राप्त नहीं करने पर संबंधितों को समय-समय नोटिस जारी किया जाता है। इन सभी मामलों में कार्रवाई का अधिकार शासन को है।

### राजस्व बढ़ने की है संभावना

कुछ संस्थानों द्वारा ईमानदारी से जलकर का भुगतान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7 करोड़ 88 लाख का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ है। भविष्य में जलकर के रूप में राजस्व प्राप्ति का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है।

**-एमके चंद्रा,** ईई खारंग डिवीजन

---

ट्रीटमेंट प्लांट में टेक्निकल फाल्ट व अशोक नगर पाइप लाइन में लिकेज की समस्या

# ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई नहीं हो पाई, बूंद-बूंद के लिए तरस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन योजना तहत सरफेस वॉटर सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई है। पहले बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट में टेक्निकल फाल्ड आ गया था और वहां पर मरम्मत भी कराई जा रही थी, उसके बाद अशोक नगर के मेन सप्लाई पाइप लाइन में लिकेज की समस्या आ गई, जिसके कारण अमृत मिशन योजना से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है और वार्डों स्थित टयूबवेल से टंकियों को भरा जा रहा है।

- **टयूबवेल से भरा जा रहा पानी टंकियों को**

शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत पानी सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। लगातार कोई न कोई समस्या उत्पन्न हो जा रही है जिससे शहर के घरों में नगर निगम द्वारा सरफेस वॉटर सप्लाई बाधित हो रहा है। सोमवार को भी अमृत मिशन योजना तहत निर्मित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। ट्रीटमेंट प्लांट के पुराने चेम्बर में कुछ खराबी थी, जिसे तोड़कर कांक्रीटयुक्त नया चेम्बर बनाया गया है, जिसके ऊपर स्टील का प्लेट लगाया गया है। इसलिए पानी सप्लाई बंद किया गया था, उसके बाद अशोक नगर में मेन सप्लाई पाइप लाइन फूट गया था। इस मेन पाइप लाइन में भी मरम्मत का काम चल रहा था, इसलिए आज भी ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है और आज भी शहर के चांटीडीह, चिंगराजपारा, व्यापार विहार, भारतीयनगर, तालापारा, मगरपारा, कुम्हारपारा आदि क्षेत्रों में लोगों को पानी की समस्या बनी रही।



### मरम्मत के चलते बंद रही सप्लाई

इसके पहले खूंटाघाट जलाशय से अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई बंद होने से पानी को लेकर समस्या आई थी और सप्लाई अवधि में कटौती भी किया गया था। अमृत मिशन अंतर्गत खूंटाघाट जलाशय से सरफेस वॉटर पाइप लाइन के जरिए बिरकोना स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लाया जाता है और वहां से पानी पाइप लाइन के जरिए शहर के घरों में सप्लाई किया जाता है, लेकिन खूंटाघाट जलाशय की नहर लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत एरीगेशन विभाग द्वारा कराया जा रहा था, इसलिए कुछ दिनों तक खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई रोक दिया गया था।

### 22 बड़ी टंकियों से हो रही सप्लाई

शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में नगर निगम के जल विभाग द्वारा पहले ही की तरह अलग-अलग टयूबवेल के माध्यम से इन टंकियों को भरा जा रहा है, उसके बाद पाइप लाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### चल रही मरम्मत

अमृत मिशन योजना अंतर्गत बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाया है। चेम्बर मरम्मत कार्य हो गया है और अशोक नगर मेन लाइन लिकेज मरम्मत कार्य चल रहा था। वैसे ट्यूबवेल से टंकियों को भरकर और टेंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है।

-अनुपम तिवारी, प्रभारी, जल विभाग ननि

---

एक साथ तीन ट्रांसफार्मर में आई खराबी

# दिन भर चला मेंटनेंस घंटों बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करबला रोड और शिव टॉकिज सहित कई इलाकों में रविवार रात से ही बिजली बंद की समस्या सामने आ रही है। आधी रात को एक साथ सबस्टेशनों में लगे 3 ट्रांसफार्मर में आई खराबी के चलते दर्जन भर इलाकों बिजली बंद रही। इस दौरान मधुबन सबस्टेशन में तिफरा से सप्लाई बढ़ाकर काम चलाया गया, लेकिन सोमवार को शटडाउन लेकर बिजली बहाल की गई।

- **मधुबन, लिंक रोड सबस्टेशन में आई खराबी**

तीन दिनों से करबला, टिकरापारा, शिव टाकिज, पीजीबीटी, पुराना बसस्टैंड जैसे इलाकों में बिजली की समस्या है। इस दौरान विद्यानगर और लिंकरोड के कुछ क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सामान्य नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को अचानक आई खराबी के चलते मुधबन सबस्टेशन बंद हो गया है, इस दौरान तिफरा से बिजली सप्लाई बढ़ाई गई लेकिन एकाएक बिजली का लोड बढ़ने के कारण तीन ट्रांसफार्मर में समस्या आने लगी। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जैसे तैसे रात निकाल दी, लेकिन सोमवार को एक बार फिर बिजली बंद कर मरम्मत का काम किया गया।

इसी प्रकार 220 /33 केवी मोपका सबस्टेशन में भी मेंटनेंस किया गया, जिसके चलते दयालबंद, गांधी चौक और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रही। भले ही ठंड का सीजन होने के कारण लोगों को बिजली की जरूरत कम महसूस हो रही है लेकिन बिजली बंद होने से दुकानदारों व आम लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।



---

# स्मार्ट मीटरः साल भर बाद पेनाल्टी लगाकर दिया बिल

**बिलासपुर।** स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उपभोक्ता को साल भर बिजली बिल के लिए जूझना पड़ा है। इसके बाद बिजली विभाग ने पेनाल्टी लगाकर भारी भरकम बिल उपभोक्ता को भेज दिया। मामले की सुनवाई करते हुए बिजली उपभोक्ता फोरम ने उपभोक्ता के पक्ष में आदेश देते हुए पेनाल्टी माफ की है। वहीं मामले में लापरवाही बरतने वाले बिजली कर्मचारी और जीनस कंपनी को आड़े हाथों लिया है। मामला अशोक विहार फेस 2 चांटीडीह का है। बर्फ फैक्ट्री के पास रहने वाली शकुंतला त्रिपाठी के पर दो बिजली कनेक्शन है। जिसका बीपी नंबर 1004053881 घरेलू कनेक्शन, एवं बीपी नंबर 1008917381 कॉमर्शियल कनेक्शन है। माह नवम्बर 2024 में जीनस कंपनी द्वारा पुराने मीटरों को बदलकर नया स्मार्ट मीटर लगाया गया। मीटर बदलने के बाद स्पाट बिलिंग बंद हो गई। माह दिसंबर 2024 में मीटर रीडिंग के लिए आया लेकिन मीटर अपडेट नहीं होने के कारण बिलिंग ही नहीं की गई। इसके बाद से शुरू उपभोक्ता को बार-बार बिजली कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ा। बसंत विहार जोन के बिजली कार्यालय और स्मार्ट मीटर की जीनस कंपनी के अधिकारियों के द्वारा बार-बार उपभोक्ता को घुमाया गया जिससे तंग आकर उपभोक्ता ने अधिकारियों की शिकायत बिजली उपभोक्ता फोरम से कर दी।

- **बिजली उपभोक्ता फोरम के आदेश के बाद पेनाल्टी निरस्त**

### घरेलू को दिया कर्मिशयल बिल

मामले में बिजली अधिकारियों की घोर लापरवाही सामने आई है। उपभोक्ता को घरेलू कनेक्शन में गैर घरेलू कनेक्शन के आधार पर जारी बिल दिया गया। इस दौरान पेनाल्टी भी जोड़ दिया गया। फोरम ने बिजली विभाग को दिए गए पेनाल्टी निरस्त करने का आदेश दिया दिया है। फोरम ने पाया कि स्मार्ट मीटर के लगाने के बाद जीनस कंपनी द्वारा मीटर रीडिंग अपडेट करने में घोर लापरवाही की है। वहीं फोरम ने 31 जनवरी से 30 अक्टबूर के बीच शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने पर 500 प्रति कार्यदिवस के आधार पर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

---

# वन विभाग ने जब्त की ढाई लाख की सागौन

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के कोटा रेंज में विभागीय टीम ने मुखबिर की सूचना पर 2 लाख 40 हजार रुपए का सागौन और गाड़ी जब्त की है। विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को राजसात कर दिया है।

बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में सभी पेट्रोलिंग टीम को रात में गश्त करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके तहत रविवार की रात वन परिक्षेत्र अधिकारी कोटा के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक विनय तिवारी, वनरक्षक लक्ष्मी साहू,उदय श्रीवास्तव देव यादव, दैनिक श्रमिक राजीव भट्ट, रवि साहू, मनोज यादव



एवं पुलिस थाना कोटा के आरक्षक प्रफुल यादव एवं दीप सिंह कंवर एवं अन्य लोग पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि कक्ष क्रमांक रिजर्व फारेस्ट 2494 में सागौन प्रजाति की इमारती लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक पिकअप में अज्ञात लोग सागौन प्रजाति की इमारती लकड़ी लोड कर रहे थे। वन विभाग की टीम और पुलिस को आते देखकर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 ई 0558 का चालक जंगल की ओर भागने की कोशिश करने लगा, जिसका वन विभाग के स्टाफ ने पीछा किया। इसमें कुख्यात आरोपी अनिल श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास पकड़ा गया, वहीं अन्य सहयोगी मौके से फरार हो गए। वन विभाग और पुलिस की टीम ने पिकअप वाहन में लोड 14 नग सागौन का लट्ठा और रिजर्व फारेस्ट के कक्ष क्रमांक 2494 में 22 नग लट्ठे सहित 36 नग सागौन के अलावा एक बाइक सीजी 28 एस 7910, पांच नग हाथ मरा आरा, एक नग मोबाइल देखा, जिसकी जब्ती की कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार जब्त वनोपज और वाहन की कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए से अधिक है। मुख्य आरोपी अनिल श्रीवास को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे 12 दिन के लिए रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं जब्त वाहन के राजसात की कार्रवाई भी शुरु कर दी गई है।

---

धोखाधड़ी के आरोप में 9 जनवरी को हुई थी गिरफ्तारी

# जैजैपुर विधायक से मिलने जिला जेल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से मिलने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत सोमवार 12 जनवरी को जिला जेल पहुंचे। खोखरा भांटा जांजगीर जिला जेल में नेता प्रतिपक्ष ने विधायक बालेश्वर साहू से मिलकर हालचाल जाना। वहीं केस और कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विधायक से मुलाक़ात करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने सत्ता पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पूरे मामले को राजनीतिक



जैजैपुर विधायक से मिलने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत।

साजिश करार दिया। सत्ता के दबाव में बालेश्वर साहू को जेल भेजे जाने का आरोप लगाते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया।डॉ. महंत ने कहा कि विधायक बालेश्वर साहू से मुलाकात के बाद यह पता चला कि पुलिस द्वारा बातों में फंसाकर उन्हें जेल भेजा गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने बालेश्वर साहू की जमानत के लिए पुनः आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की बात कही। वहीं न्यायपालिका पर भरोसा जताया। इस दौरान डॉ. चरणदास महंत के साथ चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्या है मामला

जैजैपुर के कांग्रेसी विधायक बालेश्वर साहू की धोखाधड़ी के केस में शुक्रवार 9 जनवरी को गिरफ्तारी हुई है।

बालेश्वर साहू के खिलाफ किसान राजकुमार शर्मा से 42 लाख 78 हजार की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। विधायक को 22 जनवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

---

# गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

गांजा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस की कार्रवाई का सिलसिला जारी है। पुलिस ने गांजा तस्करी कराने वाले गिरोह के मुख्य आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी महंगी ब्रेजा कार तथा एक टयोटा ग्लैंजा से गांजा से भरे ट्रैक्टर की पायलेटिंग करते थे और अपनी निगरानी में ही तस्करी करा रहे थे।

बता दें कि 26 अगस्त 2025 को दलधोवा घाट में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस दौरान दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर की ट्राली में अलग से चेंबर बनाकर गांजा तस्करी करने का खुलासा हुआ था। पुलिस को मौके से 125 किलोग्राम गांजा मौके से मिला था। इस दौरान ट्रैक्टर चालक अनुज कुमार ने ओड़िसा के बलांगीर से गांजा लेकर सासराम बिहार जाने की बात स्वीकार की थी।

इस मामले पूर्व में ही ट्रैक्टर चालाक सासाराम आदमापुर निवासी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जबकि इस मामले की जांच चल रही थी। जांच

- **पायलेटिंग में उपयोग होने वाले दो कार भी जब्त, पूर्व में मिला था 125 किलो गांजा**

के दौरान एसपी वैभव बैंकर ने गिरोह के मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी और जांच के दौरान बिहार सासाराम के मुफससील से 21 वर्षीय ज्ञानचंद पासवान आ. यमुना पासवान को 18 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। इस दौरान पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो गांजा तस्करी गिरोह के मुख्य आरोपियों के नाम सामने आए ऐसे में विशेष टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद मुख्य आरोपी सासाराम तिलकापुर निवासी 30 वर्षीय रंजन श्रीवस्तव आ. अजय श्रीवास्तव व उसके सहयोगी सासाराम तुर्की बाजार निवासी 36 वर्षीय धीरज कुमार सिंह आ. स्व. सरजू सिंह, मोहदीगंज निवासी 36 वर्षीय विनय पासवान आ. स्व. श्यामलाल पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से गांजा तस्करी में उपयोग किए जाने वाले मारुति ब्रेजा कार तथा एक टयोटा ग्लैंजा कार जब्त को भी जब्त किया गया है।

## खबर संक्षेप



### नशा के दुष्प्रभाव एवं उसके रोकथाम के विषय पर रैली

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम/योजना ड्रग अवरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया स्कीम 2025 5 से 12 जनवरी के तहत एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुरूप व राष्ट्रीय युवा दिवस (विवेकानंद जयंती) के उपलक्ष्य में साप्ताहिक शिविर के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशे के दष्प्रभाव से बचने के लिए आमजन को जागरूक करने हेतु नशामुक्ति अभियान के तहत शासकीय उ.मा.वि.पी.डब्लू डी. रामपूर स्कूल, सेजेस स्कूल पोड़ीबहार व निर्मला उ.मा.वि. कोसाबाड़ी कोरबा के स्कूली बच्चों के माध्यम से रैली का आयोजन 9 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया। उक्त रैली को माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा हरी झंण्डी दिखाकर जिला न्यायालय प्रांगण से रवाना किया गया। उक्त अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्तागण, शासकीय अभिभाषकगण, लीगल एड डिफेंस कौंसिल के अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग व स्कूलों के शिक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण, पैरालीगल वालिण्टियर्स उपस्थित रहें। बच्चों द्वारा स्लोगन के माध्यम से "नशा छोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो" को उच्चारित करते हुए आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। उक्त रैली न्यायालय प्रांगण से कोसाबाड़ी होते हुए सुभाष चौक से विद्युत गृह स्कूल से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रांगण में रैली का समापन किया गया।

### नशा भविष्य का नाश करता है, सभी परिवार और समाज का सर्वनाश करता है



**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ,छ.ग. विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व श्री संतोष. शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के राष्ट्रीय आयोजन की भावना को ध्यान में रखते हुए 5 से 12 जनवरी तक पूरे सप्ताह नालसा (डॉन) ड्रग अवरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया स्कीम 2025 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोरबा के बैनर तले जिला जेल कोरबा व उपजेल कटघोरा में बंदियों के द्वारा नशीली दवाओं ओर मादक पदार्थों के दुरूपयोग, नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उचित चिकित्सा, मानसिक सहायता, परामर्श प्रदान कर न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने का संदेश रंगोली के माध्यम से दिया गया। नशीली पदार्थों का सेवन करने से विभिन्न गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। नशा मुक्ति अभियान एक युद्ध है जिसके तहत नशे से होने वाले दुष्परिणाम जिसमें मानसिक व शारीरिक रूप से क्षति होती है के बारे में बताया गया । नशा हमारे समाज के लिए बहुत ही गंभीर समस्या बन चुका है इसमें युवाओं का जीवन तेजी से बर्बाद हो रहा है यह आदत लगने के बाद व्यक्ति जाकर भी बाहर नहीं निकल पाता। ऐसे व्यक्तियों का समाज में तथा व्यक्तिगत जीवन में भी बहुत कष्ट उठाना पडता है। किसी भी प्रकार का नशा नहीं करने के संबंध में जानकारी दी गई।

## निधन

### थॉमस कुरियन



**कोरबा।** विद्युत विभाग कोरबा से सेवानिवृत्त थॉमस कुरियन का 11 जनवरी की रात्रि को उनके पैतृक गांव पुनालूर कोल्लम (केरल) में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 12 जनवरी को किया गया। वे अन्नाकुट्टी कुरियन के पति एवं रज्जी कुरियन मिनी स्कारिया कोरबा एसीसीएल अस्पताल में पदस्थ नर्स के पिता थे।

### राजेश सोनी



**कोरबा।** नगर के प्रतिष्ठित श्री श्याम ज्वेलर्स के संचालक राजेश सोनी का 12 जनवरी की सुबह हृदयाघात से आकस्मिक देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### कमला तोलानी



**कोरबा।** सिंधी समाज के सदस्य विजय कुमार तोलानी की माता व स्व. सुंदर दास तोलानी की धर्मपत्नी कमला तोलानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार दोपहर 12 बजे निवास स्थान नेक्सा शोरूम के पीछे कोसाबाड़ी से मोतीसागर पारा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# 130 लोगों ने स्वमेव आगे आकर कराया स्वास्थ्य परीक्षण

## एचआईवी एड्स जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- स्वास्थ्य विभाग ने बांकीमोंगरा में एड्स परीक्षण शिविर का किया आयोजन



कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम बांकीमोंगरा में जिला एड्स कट्रोल सोसायटी द्वारा 10 जनवरी को एक दिवसीय इंटेंसिफाईड एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस शिविर में 130 लोग पंजीकृत हुए तथा 100 लागों का (वीडीआरएल-100,एचबी-100, शुगर-88, बीपी-87) जॉंच किया गया।

इस शिविर में उपस्थित लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ दवाओं का वितरण, एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी, परामर्श, बचाव के सुरक्षित उपायों, एड्स पॉजिटिव मरीजों से भेदभाव ना करने के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) एक वायरस है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है, खासकर सीडी 4 कोशिकाओं को नष्ट करता है, जिससे शरीर संक्रमणों और बिमारियों से ठीक से लड़ नहीं पाता और अंततः एड्स बिमारी नामक गंभीर स्थिति हो सकती है, लेकिन सही इलाज से इसे नियंत्रित करके स्वस्थ्य जीवन जिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह जानना जरूरी है कि आप एचआईव्ही पॉजिटिव हैं या नहीं क्योकि कई बार मरीज में एचआईवी का कोई अपना लक्षण नहीं होता है। यह हमेशा दूसरी बिमारियों का लक्षण लिए हुए होता है। जिसमें प्रायः यह देखने को मिलता है कि व्यक्ति को एक महीने या अधिक समय तक लगातार फ्लू, बुखार, थकान, सिरदर्द, गले में खरास, रात को पसीना हो सकती है कोई भी ऐसी बिमारी जैसे उल्टी, दस्त, निमनिया, मुँह में छाले' टीबी जैसे संक्रमण वाली बिमारिया हो सकती है ऐसी परिस्थिती में प्रत्येक व्यक्ति को एचआईवी जॉंच जीवन में कम से कम एक बार जरूर कराना चाहिए, साथ ही यौन रूप से सक्रिय लोगों को हर साल या जोखिम के आधार पर जिसमें असुरक्षित यौन संबंध, सुई साझा करना या किसी व्यक्ति को यौन संचारित रोग हो तो उन्हे प्रत्येक 3 से 6 माह में अवश्य जॉंच कराना चाहिए इसके साथ ही प्रत्येक गर्भवती महिला को प्रथम तिमाही में एचआईवी की जॉंच कराना अनिवार्य है। और अगर जॉंच और उपचार नहीं हुआ तो एड्स बिमारी हो सकती है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ में हुआ आयोजन

# स्वामी विवेकानंद युवा चेतना के प्रेरणास्रोत थे : बिन्दु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ विश्व सद्भावना भवन कोरबा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए युवाओं को नैतिक मूल्यों, आत्मबल और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने हेतु समर्पित रहा। कार्यक्रम में जैन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य स्मिथा नायर, साडा कन्या विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह, लायंस क्लब कुसमुंडा निहारिका अध्यक्ष एवं सरस्वती शिशु मंदिर कुसमुंडा की वरिष्ट आचार्य हेमा शर्मा, समाज सेवी अमित टमकोरिया, उत्कर्ष बैंक के ब्रांच सेल्स हेड विवेक सिंह, ब्रह्मकुमारिज जमनीपाली सेवाकेंद्र प्रभारी बी. के. बिंदु अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेट कर किया गया तपश्चात सभी अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पण किया गया। बी.के.बिंदु ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं, बल्कि युवा चेतना के महान प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने युवाओं को अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय युवा दिवस के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए कहा कि मन की शक्ति और सकारात्मक सोच से जीवन में असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने राजयोग ध्यान के माध्यम से एकाग्रता, आत्मशांति एवं आत्मबल प्राप्त करने की विधि बताई। रणधीर सिंह ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान की भी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें। स्वामी विवेकानंद का संदेश- उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको हर युवा के जीवन का मंत्र बनना चाहिए। स्मिथा नायर कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में युवाओं को मानसिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म और ध्यान युवाओं को तनावमुक्त एवं एकाग्र बनाते हैं। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे आध्यात्मिक एवं मूल्यपरक प्रयास सराहनीय हैं, जो उन्हें जीवन में सही दिशा प्रदान करते हैं। विवेक सिंह ने कहा की युवाओं को आर्थिक अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता का महत्व बताया। उन्होंने बचत की आदत, सही वित्तीय निर्णय और नैतिक कमाई पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत आर्थिक सोच से ही सशक्त भविष्य का निर्माण संभव है।

## केसीसी में विवेकानंद जयंती पर मनाया गया युवा दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित एवं अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबंध केसीसी में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह और युवा दिवस पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं जैसे पीपीटी प्रेजेंटेशन भाषण गीत का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि केसीसी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल थे मुख्य अतिथि ने ूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

श्री अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह स्वामी से प्रेरित होकर समाज व देश के विकास के लिए कार्य करें इसके लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के साथ-साथ मन की शांति भी जरूरी है जो कि अध्यात्म से ही प्राप्त हो सकता है कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए स्वामी विवेकानंद के बचपन से स्वामी बनने तक की जीवनी को प्रेजेंटेशन के माध्यम से बीसीए अंतिम वर्ष के अंश तरुण अस्मिता प्रिया ने प्रस्तुति दिया। फिर डीसीए की कविता ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को व्यक्त किया तथा बीबीए अंतिम वर्ष स्वस्तिका मुंगा एवं पीजीडीसीए रोशनी ने स्वामी जी के जीवन का परिचय दिया तथा पीजीडीसीए राहुल एवं कारण विश्वकर्मा ने देश भक्ति गीत गाया। शिक्षिका रीना लहरे एवं सुरभि कुंडू ने स्वामी जी के जीवन कथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कटघोरा द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का सफल आयोजन किया गया। यह दौड़ कटघोरा चौक से गार्डन तक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय परिसर की छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वदेशी अपनाने का संकल्प, शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनुशासन और उत्साह के साथ दौड़ पूरी की, वहीं शिक्षकों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया गया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ और प्रतिभागियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



संकल्प दौड़ में शामिल छात्राएं।

## डीडीएम पब्लिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव उड़ान में दिखा प्रतिभा का परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीडीएम पब्लिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव उड़ान का आयोजन गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार गुप्ता एजीएम (एससीईएल), अति विशिष्ट अतिथि तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय डीईओ कोरबा, विशेष अतिथि कमलेश यादव प्रेस, विद्यालय के संस्थापक के एन सिंह, सीईओ अमर नारायण सिंह एवं प्रधानाचार्य सुश्री रिंकू बैरागी एवं के द्वारा दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने अतिथियों का हृदय से अभिनंदन किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

वार्षिक उत्सव की थीम उड़ान के अंतर्गत 600 विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि प्रत्येक बच्चा सपने देखने और उन्हें साकार करने की क्षमता रखता है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग नृत्य ने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। नन्हें कलाकारों की ताल, लय और भाव-भंगिमाओं ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति के द्वारा सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नृत्य के माध्यम से बच्चों ने परिश्रम, अनुशासन ,आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का महत्त्व दर्शाया जो 'उड़ान' थीम को सजीव रूप में प्रस्तुत करता नजर आया। सामाजिक महत्व के कई विषयों जैसे प्रकृति की रक्षा, जल संवर्धन, सफाई, अंतरिक्ष विज्ञान, अनेकता में एकता जैसे जटिल विषयों को कलात्मकता के साथ जीवंत किया गया। मुख्य अतिथि राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यालय ने जिस तरह सीखने और व्यक्तित्व विकास का वातावरण बनाया है, वह प्रशंसनीय है। अति विशिष्ट अतिथि तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ाने अपने लक्ष्य ऊंचे रखते और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले के ग्राम सिंघिया में खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच से भरा क्षण देखने को मिला, जहाँ राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सुरेश बंसल उपाध्यक्ष अग्रवाल सभा कटघोरा, टूर्नामेंट के संरक्षक नगर निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी, टूर्नामेंट के कोच विशाल दुबे, कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज दुबे विशेष रूप में उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता को सबोधित करते हुए अतिथि।

सर्वप्रथम सभी मंचस्थ अतिथियों ने पिच पर जाकर होने वाले मैच के दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। एसडीओपी कटघोरा विनय सिंह ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. पवन अग्रवाल (ज्योति) ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त मंच प्रदान करता है उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में प्रदेश से आई कुल 11 टीमों ने भाग लिया था जिसमे आज प्रथम सेमीफाइनल मैच सरगुजा इलेवन एवं विश्व मित्र कटघोरा के बीच खेला गया। जिसमें विश्व मित्र कटघोरा की टीम ने सरगुजा को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## पंखा दफाई में क्रिकेट लीग सीजन 6 हुआ समापन



**कोरबा।** बांकीमोंगरा के पंखा दफाई के क्रिकेट लीग के समापन के मुख्य अतिथि के तौर पर दीपक अग्रवाल, चित्रकांत महंत, रामबाबू यादव और समिति के अध्यक्ष सोनचरण व सहयोगकर्ता के तौर पर चंद्रमणि रेड्डी, धरम सिंह राजपूत, उमेश भगत के साथ शत्रुघ्न श्रीवास के सौजन्य द्वारा खेल का समापन किया गया। पंखा दफाई क्रिकेट लीग के समापन के दौरान 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल तक पहुंचने वाली टीम कटघोरा व पंखा दफाई के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें कटघोरा ने 91 रन बनाकर विपक्ष टीम को 81 रन में ढेर कर मैच को अपने नाम किया। जिसमें मैन ऑफ़ द मैच वासु, मैन ऑफ़ द सीरीज हनी, बॉलर सोमनाथ साहू के साथ बेस्ट फील्डर का अवार्ड दीपक दास को शत्रुघ्न श्रीवास के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित दीपक अग्रवाल के हाथो नगद 15051 रुपए विजेता टीम को दी गई, वहीं चित्रकांत महंत के द्वारा पुरस्कार के तौर पर 7051 रुपया वहीं तीसरी इनाम के तौर पर रामबाबू यादव के द्वारा धर्मपुर टीम को 3551 नगद मेडल इनाम के तौर पर खिलाड़ियों को देकर पुरस्कृत किया गया।

# सर्वमंगला नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ गूंजा हर हर महादेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला नगर में आध्यात्म की अविरल धारा प्रवाहित होने जा रही है। वार्ड में आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस पर आज भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के विधिवत शुभारंभ से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। कलश यात्रा का प्रारंभ सर्वमंगला नगर स्थित छोटा दशहरा मैदान (कथा स्थल) से हुआ। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में वार्ड वासी और श्रद्धालु सम्मिलित हुए। विशेष रूप से महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर, सिर पर मंगल कलश लिए कतारबद्ध होकर चल रही थीं। ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की थाप पर शिव भजनों के साथ निकली इस यात्रा ने सबका मन मोह लिया। कथा स्थल से शुरू होकर यह यात्रा पूरे वार्ड का भ्रमण करते हुए सर्वमंगला मंदिर घाट पहुंची। यहाँ पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ जल की पूजा की गई और विधि-विधान से कलशों में जल भरा गया। जल लेकर श्रद्धालु पुनः कथा स्थल पहुंचे, जहाँ कलशों को स्थापित कर शिव महापुराण कथा का श्रीगणेश किया गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। फूलों से सजी झांकियां और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। वार्ड वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में यहाँ शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों के जुटने की उम्मीद है। प्रथम दिवस वेदी पूजन के साथ सभी देवी देवताओं का आवाहन व पूजन कर प्रारंभ कथा आरंभ हुई।



शोभायात्रा निकालते हुए नगरवासी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### प्रभार में चल...

बार जिले में दिसंबर 2024 को कलेक्टर के अनुमोदन पर संकुल प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी उसके बाद तकनीकी कारणों से एक के बाद एक 30 संकुल प्रभार के भरोसे आ गए। अब एक साल बाद प्रभार पर चलने वाले इन संकुल केंद्रों में नए प्रभारी बनाए जाएंगे। जिले में संकुल प्रभारी बनने के लिए कई शिक्षक ललायित हैं जिन्होंने अपना नाम भी विभाग के पास भेजा है लेकिन अब प्रभारी बनाए जाने के लिए कलेक्टर का अनुमोदन अनिवार्य किया गया है इसके मद्देनजर अब संकुल प्रभारी का दायित्व संभालने आगे आने वाले शिक्षकों में वरिष्ठता क्रम को प्राथमिकता के साथ रखा जाएगा ताकि कोई जूनियर संकुल प्रभारी के पद पर पदस्थ ना हो सके।

### रेशम विभाग के...

लगभग ढाई लाख रुपए बतायी जा रही है। कार्यवाही में एसडीओ एसके सोनी, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत, वन परिक्षेत्र अधिकारी बालको, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा एवं वनमण्डल के अन्य परिक्षेत्र में कार्यरत सहनीराम राठिया, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी केराकछार, परिक्षेत्र पसरखेत, कांति कुमार कंवर, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी बालको, परिक्षेत्र बालको, अनिल कुमार कंवर, वनपाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

### एमआईसी द्वारा...

संबंधी प्रस्ताव, इतवारी बाजार सामुदायिक भवन हाल के निविदा आमंत्रण स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव, मेजर ध्यानचंद व्यवसायिक काम्पलेक्स हाल कमरे का आबंटन, निरस्तीकरण व पुनः निविदा आमंत्रण के प्रस्ताव, निगम के विभिन्न स्थलों में निर्मित हाल निविदा की स्वीकृति, निगम क्षेत्र स्थित विद्युत प्लांटों में विद्युत पर निर्यात कर आरोपण, जमीन अधिग्रहण मुआवजा संबंधी प्रस्ताव के साथ-साथ शासन की विभिन्न पेंशन व आर्थिक सहायता प्रदान करने संबंधी योजनाओं के हितग्राहियों की स्वीकृति से जुडे. प्रस्तावों पर भी मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए।

# वन विभाग ने प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण का दिया संदेश

## रानी झरिया पर्यटन केन्द्र में चलाया स्वच्छता अभियान

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थल इन दिनों पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही के चलते विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सतरेंगा, बुका, नकिया, झोराघाट, गहनियां, खेतार, केंदई, कॉफी प्वाइंट, टाइगर प्वाइंट और देवपहरी जैसे रमणीय स्थल प्रतिदिन हजारों सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इन्हीं पर्यटन स्थलों में शामिल अत्यंत मनोरम रानी झरिया में वन विभाग द्वारा एक विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया।

वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव के निर्देशानुसार एवं एसडीओ आशीष खेलवार के मार्गदर्शन में बालकों वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार के नेतृत्व में यह अभियान संचालित



किया गया। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों के साथ नोवा नेचर वेल्फेयर सोसाइटी एवं स्थानीय ग्रामीण समितियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अभियान के अंतर्गत पूरे रानी झरिया क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई, जिसमें प्लास्टिक कचरा, अनुपयोगी सामग्री एवं अन्य गंदगी को हटाकर पर्यटन स्थल को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया गया। सफाई उपरांत ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित कर भविष्य में रानी झरिया की स्वच्छता बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन से ग्रामीणों में प्रसन्नता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता देखने को मिली। इस अवसर पर वन विभाग ने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि प्रकृति की सुंदरता को बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गंदगी फैलाकर प्राकृतिक धरोहर को नुकसान न पहुंचाएं, बल्कि इसे संजोकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। यह स्वच्छता अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल है, बल्कि समाज में स्वच्छता, सहभागिता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता को भी मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम में एसडीओ आशीष खेलवार, बालकों रेंजर जयंत सरकार, मुख्य लिपिक कृष्ण कुमार, जितेंद्र सारथी, वन प्रबंधन अध्यक्ष सतपल सिंह कंवर, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नोवा नेचर रेस्क्यू टीम के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केशरवानी वैश्य समाज कल्याण समिति द्वारा मकर संक्रांति पर्व कल

**कोरबा।** केशरवानी वैश्य समाज कल्याण समिति महिला सभा एवं तरूण सभा के संयुक्त तत्वाधान में 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजन केशरवानी भवन बांसबाड़ी के सामने दादर में जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत तथा विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कुमार देवांगन पार्षद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन प्रसाद केशरवानी नगर अध्यक्ष करेंगे। इस दौरान गोत्राचार्य महर्षि कश्यप पूजा आरती 10.30 बजे, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 बजे, प्रतिवेदन नीलेश कुमार गुप्ता 12 बजे के द्वारा एवं अतिथियों का संबोधन 12.30 से 1.30 बजे तक, दोपहर का खिचड़ी भोगा प्रसाद एवं भोजन 1.30 से 2.30 तक साथ ही खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

### अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के डीईओ बने संरक्षक



**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय को छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमलवर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के कोरबा जिला इकाई का संरक्षक नियुक्त किया गया है।

### नीलेश बने छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव रविवार को भटगांव में संपन्न हुआ। जिसमें नीलेश गुप्ता ने 124 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की और सभा के नए प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी प्रदीप केशरवानी को सौ मत मिले। वहीं 1 मत निरस्त हुआ इस तरह कुल 276 में से 225 वोट पड़े तथा 51 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार नीलेश गुप्ता ने 24 मतों के अंतर से विजय हासिल की। प्रदेश के विभिन्न जिलों, नगर सभाएं और प्रदेश सभा से आये प्रतिनिधियों और समाज के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया।



### विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर बस्ती में पीडब्लूडी विभाग द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के कर कमलों से संपन्न हुआ। यह सड़क निर्माण क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग थी जिसके पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी एवं क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। इसके अंतर्गत रामपुर से सिरली पहुँच मार्ग कुल लंबाई 4.60 किलोमीटर, अनुमानित लागत 7 करोड़ 9 लाख एवं ओंझयाईन से रामपुर पहुँच मार्ग कुल लंबाई 1.80 किलोमीटर, अनुमानित लागत 2 करोड़ 31 लाख है। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि इन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण से रामपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों व ग्रामों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, रामपुर सरपंच हेतराम नेटी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल पटेल, ठेकेदार सुरजभान सिंह, सचिव राजनारायण घारी, फिरत राम प्रजापति सहित समस्त वार्ड पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### न्यूज डेस्क के शुभारंभ एवं न्यौता भोज के साथ ब्रम्हानंद ने मनाया जन्मदिन

**हरदीबाजार।** विकासखंड कटघोरा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसिरा में समाजसेवी एवं मुख्यमंत्री ज्ञानदीप अलंकरण से सम्मानित प्रधानपाठक ब्रम्हानंद राठौर ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के लिये अपने खर्च पर सामान्य ज्ञान हेतु न्यूज डेस्क का शुभारंभ किया। इसमें प्रतिदिन विभिन्न समाचार पत्र एवं मासिक पत्रिकाओं का संग्रह किया। जिससे छात्र इसका समुचित लाभ ले सके ,साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अनूठी पहल पर आधारित विद्यालयो में न्यौता भोजन बच्चों के पूरक पौष्टिक आहार को ध्यान में रखते हुए प्रधानपाठक श्री राठौर के द्वारा आंशिक न्यौता भोजन कराया गया एवं सभी बच्चों को एक एक पेन भी दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं के युवा दिवस स्वामी विवेकानंद नंद के जीवन पर प्रकाश डाला। श्री राठौर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नोडल संकुल प्राचार्य कैलाश बिहारी कौशिक, शिक्षक भुनेश्वर लाल वेणु, शिक्षक डी पी पाटले, शिक्षक महेंद्र सिंह,वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती गायत्री राजवाड़े, एसएमसी सदस्य, एमडीएम समूह धर्मिन बाई, चंद्रप्रभा, अविषेक एवं सभी छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे।

## 3 अरब 34 करोड़ राम नाम लेखन का ऐतिहासिक संकल्प पूरा

# श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा अयोध्या के लिए रवाना, युवाओं में दिखा उत्साह



बाइक में अयोध्या के लिए रवाना होते कार्यकर्ता।



कार्यकर्ताओं को तिलक लगाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

राम भक्ति और सामाजिक सहभागिता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कोरबा जिले के लोगों ने 3 अरब 34 करोड़ राम नाम लेखन का लक्ष्य पूर्ण कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। इस महायज्ञ के अंतर्गत एकत्रित राम नाम लेखन पुस्तिकाओं और तिल के लड्डुओं को रामलला को अर्पित करने हेतु श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अयोध्या के लिए रवाना हुई।

कटघोरा के मेला ग्राउंड में आयोजित युवा सम्मेलन के पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था सड़क मार्ग से अयोध्या के लिए निकला। यात्रा के प्रस्थान के दौरान कई स्थानों पर मातृशक्ति द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूरे वातावरण में जय श्रीराम के उद्घोष और भक्ति का उल्लास देखने को मिला। राम मंदिर अयोध्या की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कोरबा जिले में राम नाम लेखन महायज्ञ का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत जिले के लगभग 3 लाख परिवारों तक राम नाम लेखन पुस्तिकाएं पहुंचाई गईं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में सहभागिता निभाई और श्रद्धा व समर्पण के साथ राम नाम लेखन किया। इन पवित्र पुस्तिकाओं को अयोध्या पहुंचाने के लिए श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा की परिकल्पना की गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यात्रा में सम्मिलित युवाओं का चयन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पारदर्शी पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। इसमें निष्ठा, अनुशासन और समर्पण को प्राथमिकता दी गई। यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा समिति द्वारा की जा रही है। यात्रा समिति ने जानकारी दी कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा अयोध्या पहुंचेगी। श्रद्धालु सरयू स्नान के उपरांत दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक विशेष रूप से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा कोरबा जिले से आए श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में अजय दुबे, मनोज नायडू, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. गोपाल बन गोस्वामी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. विशाल उपाध्याय, किशोर बुटोलिया, कैलाश नाहक, रामकिशोर श्रीवास्तव, राजकुमार ठाकुर, शत्रुघ्न काच्छी, भागिरथी चंद्रा, योगेश जैन, लोकेश साहू, अनुराग तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, गोपाल शर्मा, विष्णु यादव, विवेक मार्कण्डेय, संजय शर्मा,अभिषेक गर्ग,पवन अग्रवाल, पवन गर्ग, अजय धनोदिया, शारदा पाल, शशिकांत डिक्सेना, नानक राजपूत, मनोज दुबे, आलोक पांडेय सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### युवा शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति : कौशलेंद्र

यात्रा के प्रस्थान से पूर्व कटघोरा में आयोजित युवा सम्मेलन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत क्रीड़ा प्रमुख कौशलेंद्र सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है और समाज व राष्ट्र के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी युवाओं की है।

# भूविस्थापितों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय



सम्मेलन में अतिथियों का स्वागत करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों के भूविस्थापितों की एसईसीएल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने कोयला खदानों के इतिहास और वर्तमान परिस्थिति पर विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत किया और आयोजन के सबन्ध में बताया।

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश स्थित कोयला परियोजनाओं में विभिन्न संगठनों के द्वारा चलाये जा आंदोलन का फेडरेशन बनाकर एक साथ मिलकर रोजगार उचित मुआवजा पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं जैसी जायज मांगों को लेकर चल रहे संघर्ष को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया और तय किया गया जिसमें संगठनों को मिलाकर एक मोर्चा एसईसीएल स्तरीय भूविस्थापित फेडरेशन बनाई जाएगी, 26 जनवरी को ग्राम सभाओं में भूविस्थापित समस्याओं के समाधान के लिए प्रस्ताव कराया जाए, अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सांसद विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों से हस्ताक्षर युक्त मांगपत्र के साथ सीएमडी को पत्र सौंपा जाएगा। भूविस्थापित समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसमे बिलासपुर मुख्यालय कोल इंडिया कोलकाता और कोयला मंत्रालय नई दिल्ली में बड़े आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर रमेश सिंह, प्रभाकर सिंह रोशन, सत्यदेव साहू, अरुण कुमार, वीरेंद्र सिंह, बुधवार सिंह, अमर साय, बसन्त कंवर संतोष चौहान, रविन्द्र जगत, रुद्र दास महंत, विजयपाल सिंह तंवर, अनुसुइया राठौर, ललित महिलांगे, भरत पटेल, राजेश यादव, भरत झारिया, नरिहर दास, मंगेलश्वर अवदेश कुशवाहा, भागवेन्द्र तिवारी, रामबाई, डॉ विनय शुक्ला, हर्षवर्धन, भागवत दुबे उपस्थित रहे।

**खास बात**

- मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के 12 क्षेत्रों के प्रतिनिधि हुए शामिल

# एकलव्य स्कूल में यातायात का पाठ पढ़ाया एआईजी ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में यातायात का पाठ पढ़ाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पहली बार रायपुर से एआईजी संजय शर्मा जिले के दुरस्थ वनांचल क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा के एकलव्य स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों की क्लास ली और बच्चों को सड़क पर कैसे चलना है इसे लेकर विशेष पाठशाला की जानकारी दी। साथ ही साइबर क्राइम के बढ़ते ग्राफ को देखते हैं उन्हें मोबाइल से दूरी बनाने व इससे किस तरह बचा जा सकता है इसकी भी जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि जिला पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा पिछले कई दिनों से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। यातायात पुलिस हेलमेट पहनकर वाहन चलाने सहित आम लोगों को नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए तरह-तरह के जन जागरूकता अभियान चला रही है ताकि हादसों का ग्राफ कम किया जा सके। इसी कड़ी में रायपुर के एआईजी संजय शर्मा सोमवार को बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पोड़ी उपरोड़ा के एकलव्य स्कूल पहुंचे जहां स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर उन्होंने बच्चों की विशेष पाठशाला ली और उन्हें यातायात नियमों का किस तरह पालन करना चाहिए और सड़क पर कैसे चलना चाहिए जानकारी दी। साथ ही उनके माता-पिता को भी यातायात के की जानकारी दी। इसके अलावा बच्चों की जिज्ञासाओं से पूछे गए सवालों का श्री शर्मा ने जवाब भी दिया। इस मौके पर बढ़ते साइबर क्राइम के अपराध की रोकथाम के लिए बच्चों को मोबाइल व इंटरनेट से दूरी बनाए रखने के अलावा बच्चों को और भी जानकारियां दी। जिन बच्चों ने कई सवालों के जवाब अच्छे से दिए उन बच्चों की बकायदा पीठ थप थपाकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर यातायात सउनि मनोज राठौर, सउनि ईश्वरी लहरे, रामनारायण रात्रे, कटघोरा टीआई धरम तिवारी, प्रआर संतोष सिंह, जय यादव, राकेश दुबे उपस्थित रहे।

**खास बात**

- रायपुर से पहुंचे थे एआईजी श्री शर्मा, पोड़ी उपरोड़ा के स्कूल में ली गई जानगरुकता क्लास



छात्रों को संबोधित करते हुए एआईजी।

# शासकीय स्कूल कुसमुण्डा के व्याख्याता कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर में सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलिंग विश्वविद्यालय नया रायपुर द्वारा विगत 10 जनवरी को विश्वविद्यालय के सभागार में उप संचालक, ए एन बंजारा उपसंचालक लोक शिक्षण संचालनालय,नवा रायपुर के मुख्य आतिथ्य में बेस्ट स्कूल टीचर अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। वर्ष 2025 के बेस्ट टीचर अवार्ड हेतु सर्वे किया गया था। जिसमें राजा गुरु बालक दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमुण्डा में हिन्दी विषय के व्याख्याता डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे का नामांकन बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 के लिए किया गया था। इस शिक्षक सम्मान समारोह में देशभर के विभिन्न विद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक से लेकर प्राध्यापकों तक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बंजारा ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंटकर डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे सहित विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों को सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ आर श्रीधर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। वहीं डॉक्टर संदीप गांधी रजिस्ट्रार कलिंग विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# आप पार्टी ने निकाली छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा



रैली निकालते आप पार्टी के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आम आदमी पार्टी के द्वारा जिले में छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा का आगाज किया गया। यात्रा की शुरुआत रामपुर विधानसभा के करतला ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बेहरचुआं से की गई और यात्रा का समापन ग्राम बोकरदा में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी की मौजूदगी रही। जिला अध्यक्ष रिचर्ड डेविड लोगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों को पार्टी के नीतियों से अवगत कराना तथा प्रदेश में फैली विसंगतियों को लेकर जन जागरूकता लाना। यह यात्रा हर विधानसभा के ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक गांव में निकल जाएगी। प्रदेश संगठन मंत्री जलाल राठिया ने बताया कि राज्य सरकार जनता की लगातार हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। जन, जंगल, जमीन, के साथ तमाम संसाधनों को पूंजी पतियों के हाथ में सोप जा रहा है। राज्य सरकार कुंभकर्णी निद्रा में है और विपक्ष तमाशबीन बना हुआ है। इस यात्रा में लोकसभा महासचिव शत्रुघन साहू, उपाध्यक्ष भूषण कुर्रे, महिला विंग जिला प्रभारी लता सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गुरुवार सिंह गभेल, संतोष गभेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।




